**75.** Find the least number which must be added to 15463 so that the resulting number is exactly divisible by 107 :

1) 52 2) 55
3) 71 4) 76

**76.** What proportion of water must be added to milk to gain 20% by selling it at the cost price ?

1) 1 : 5 2) 2 : 5
3) 3 : 5 4) 4 : 5

**77.** एक निश्चित राशि का 4% वार्षिक दर पर 2 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज एवं सरल ब्याज का अनुपात है :

1) 52 : 51 2) 52 : 50
3) 51 : 50 4) 53 : 50

**78.** यदि A, B तथा C ने $\frac{7}{2}:\frac{4}{3}:\frac{6}{5}$ के अनुपात में पूँजी लगाकर एक व्यापार प्रारम्भ किया। 4 माह पश्चात् A ने अपनी पूँजी का 50% बढ़ा दिया। यदि वर्ष के अन्त में कुल 21,600 रुपये का लाभ हुआ हो, तो इस लाभ में से B का हिस्सा है :

1) 2,400 रुपये 2) 3,600 रुपये
3) 4,000 रुपये 4) 4,200 रुपये

**79.** एक आदमी 20% हानि पर एक वस्तु को बेचता है, यदि उसी वस्तु को 12 रुपये अधिक में बेचता, तो उसे 10% का लाभ होता। उस वस्तु का क्रय मूल्य है :

1) 22 रुपये 2) 30 रुपये
3) 36 रुपये 4) 40 रुपये

**80.** $\frac{a^{\frac{1}{2}}+a^{-\frac{1}{2}}}{1-a}+\frac{1-a^{-\frac{1}{2}}}{1+\sqrt{a}}$ बराबर है :

1) $\frac{a}{a-1}$ 2) $\frac{a-1}{2}$
3) $\frac{2}{a-1}$ 4) $\frac{2}{1-a}$

**81.** ऐतिहासिक गाँव सुग अवस्थित है :

1) अम्बाला जिले में
2) कुरुक्षेत्र जिले में
3) यमुनानगर जिले में
4) पंचकुला जिले में

**77.** The ratio of compound interest and simple interest on a certain sum at the rate of 4% per annum for 2 years is :

1) 52 : 51 2) 52 : 50
3) 51 : 50 4) 53 : 50

**78.** If A, B and C enter into a partnership with shares in the ratio $\frac{7}{2}:\frac{4}{3}:\frac{6}{5}$ . After 4 months, A increase his share by 50%. If the total profit at the end of one year be Rs. 21,600, then B's share in the profit is :

1) Rs. 2,400 2) Rs. 3,600
3) Rs. 4,000 4) Rs. 4,200

**79.** A man sold an article at a loss of 20%. If he sells the article for Rs. 12 more, he would have gained 10%. The cost price of an article is :

1) Rs. 22 2) Rs. 30
3) Rs. 36 4) Rs. 40

**80.** $\frac{a^{\frac{1}{2}}+a^{-\frac{1}{2}}}{1-a}+\frac{1-a^{-\frac{1}{2}}}{1+\sqrt{a}}$ is equal to :

1) $\frac{a}{a-1}$ 2) $\frac{a-1}{2}$
3) $\frac{2}{a-1}$ 4) $\frac{2}{1-a}$

**81.** Historical village Sugh is located in :

1) Ambala district
2) Kurukshetra district
3) Yamunanagar district
4) Panchkula district

82. किस हरियाणवी ने अगस्त, 2023 में माउंट एल्ब्रुस को फतेह किया ?
1) संदीप बिश्नोई
2) रोहताश बिश्नोई
3) अजय खिचड़
4) मोहित

83. हरियाणा के निम्नलिखित राज्यपालों में से कौन आई सी एस अधिकारी थे ?
1) श्री धर्मवीर
2) श्री मुज़फ्फर हुसैन बर्नी
3) श्री हरि आनन्द बरारी
4) श्री सुरजीत सिंह संधवालिया

84. मौर्यकालीन स्तूप के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं :
1) टोपरा में  2) भिवानी में
3) थानेसर में  4) रोहतक में

85. गीता जयंती समारोह किस माह में मनाया जाता है ?
1) कार्तिक में  2) मार्गशीर्ष में
3) आश्विन में  4) श्रावण में

86. हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त कौन हैं ?
1) श्री टी० सी० गुप्ता
2) श्री विजय वर्धन
3) श्री राजेश खुल्लर
4) श्री विकास गुप्ता

82. Which Haryanvi conquered Mount Elbrus in August, 2023 ?
1) Sandeep Bishnoi
2) Rohtash Bishnoi
3) Ajay Khichad
4) Mohit

83. Who among the following Governors of Haryana was an ICS officer ?
1) Shri Dharma Vir
2) Shri Muzaffar Hussain Burney
3) Shri Hari Anand Barari
4) Shri Surjit Singh Sandhawalia

84. The evidence of Stupa of Mauryan period is found at :
1) Topara  2) Bhiwani
3) Thanesar  4) Rohtak

85. Geeta Jayanti Samaroh is celebrated in the month of :
1) Kartik  2) Margshirsh
3) Ashvin  4) Shravana

86. Who is the Chief Commissioner of Haryana Right to Service Commission ?
1) Shri T. C. Gupta
2) Shri Vijay Vardhan
3) Shri Rajesh Khullar
4) Shri Vikas Gupta

**87.** साधु निश्चलदास के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(i) वह दादू के शिष्य थे।

(ii) उन्होंने एक पुस्तक 'विचार सागर' संकलित की, जो संवाद के रूप में है।

***सही*** कूट का चयन कीजिए :

1) केवल कथन (i) सही है।
2) केवल कथन (ii) सही है।
3) न तो कथन (i) और न ही कथन (ii) सही हैं।
4) दोनों कथन (i) और (ii) सही हैं।

**88.** हरियाणा में चिंकारा प्रजनन केंद्र कहाँ स्थित है ?

1) पिंजौर
2) पानीपत
3) झज्जर
4) भिवानी

**89.** हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड लि० की स्थापना कब हुई ?

1) जनवरी, 1967
2) नवम्बर, 1966
3) मार्च, 1980
4) जनवरी, 1996

**90.** हरियाणा में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कहाँ स्थित है ?

1) सोनीपत
2) पानीपत
3) अम्बाला
4) कुरुक्षेत्र

**87.** Read the following statements about Sadhu Nischal Das :

(i) He was a Dadu's disciple.

(ii) He compiled a book 'Vichar Sagar' which is in form of dialogue.

Choose the ***correct*** code :

1) Only statement (i) is correct.
2) Only statement (ii) is correct.
3) Neither statement (i) nor statement (ii) are correct.
4) Both the statements (i) and (ii) are correct.

**88.** In Haryana, where the Chinkara Breeding Centre is located ?

1) Pinjore
2) Panipat
3) Jhajjar
4) Bhiwani

**89.** When the Haryana State Co-operative Agriculture and Rural Development Board Ltd. was established ?

1) January, 1967
2) November, 1966
3) March, 1980
4) January, 1996

**90.** Where in Haryana, the Indian Institute of Information Technology is located ?

1) Sonipat
2) Panipat
3) Ambala
4) Kurukshetra

## भाग – IV / PART – IV

### हिन्दी / HINDI

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

**91.** काव्य गुणों के संदर्भ में एक विकल्प ***असंगत*** है, उसे छाँटिए -

1) आचार्य भामह श्रव्यत्व और अनतिसमस्तत्व को माधुर्य गुण कहते हैं।
2) आचार्य मम्मट ने अपने ग्रंथ काव्यप्रकाश में अलंकारों को शौर्यादिवत् एवं गुणों को हारादिवत् कहा है।
3) आचार्य वामन ने अपने ग्रंथ काव्यालंकार सूत्रवृत्ति में ओज का लक्षण 'गाढबंधत्व' दिया है।
4) आचार्य आनंदवर्धन ने प्रसाद गुण में 'सभी रसों के प्रति सम्पर्कत्व' स्वीकार किया है।

**92.** किस विकल्प में व्याकरण पाठ-योजना के सोपान हैं ?

1) प्रस्तावना - उद्देश्य कथन - प्रस्तुतीकरण - अनुकरणवाचन - काठिन्यनिवारण
2) प्रस्तावना - उद्देश्य कथन - प्रस्तुतीकरण - श्यामपट्ट सार - सामान्यीकरण - नियमीकरण
3) प्रस्तावना - उद्देश्य कथन - प्रस्तुतीकरण - पाठाभिनय - मूल्यांकन - गृहकार्य
4) प्रस्तावना - उद्देश्य कथन - प्रस्तुतीकरण - बोधप्रश्न - मौनवाचन

**93.** संज्ञा की दृष्टि से ***असंगत*** विकल्प चुनिए -

1) संज्ञा एक विकारी पद है, जिसके कारक, लिंग एवं वचन विकारक कहे जा सकते हैं।
2) रामायण, पृथ्वी एवं ताजमहल शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के उदाहरण हैं।
3) द्रव्यवाचक संज्ञाओं का प्रयोग बहुवचन में होता है एवं ऐसी संज्ञाओं को अगणनीय संज्ञाएँ भी कहा जाता है।
4) ऐश्वर्य, थकावट एवं किसानी यौगिक भाववाचक संज्ञाओं के उदाहरण हैं।

**94.** "चमचमात चंचल नयन, बिच घूँघट पट झीन। मानहु सुरसरिता विमल, जल उछलत युग मीन।।"

उक्त दोहा किस अलंकार का उदाहरण है ?

1) श्लेष
2) उत्प्रेक्षा
3) भ्रांतिमान
4) संदेह

**95.** किस विकल्प में पाठ्यपुस्तक के बाह्य पक्ष का गुण ***नहीं*** है ?

1) चित्रांकन
2) जीवन से संबद्धता
3) गुणवत्ता
4) सूचनात्मक पक्ष

**96.** कृति एवं उसकी साहित्यिक विधा की दृष्टि से संगत विकल्प ***नहीं*** है ?

1) भिखारिणी - उपन्यास
2) दर्द के पैबंद - कहानी
3) तप्ता संवरण - नाटक
4) मारेसि मोहि कुठाँव - निबन्ध

**97.** **सूची I** को **सूची II** के साथ मिलान करते हुए ***सही*** उत्तर चुनें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (A) | वर्तनी संबंधी विकार | (i) | ऑडीटरी प्रोसेसिंग डिसऑर्डर |
| (B) | श्रवण संबंधी विकार | (ii) | डिस्ऑर्थोग्राफिया |
| (C) | पठन संबंधी विकार | (iii) | डिस्लेक्सिया |
| (D) | लेखन संबंधी विकार | (iv) | डिस्ग्राफिया |

***सही*** विकल्प का चुनाव करें :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| 1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| 2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| 3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| 4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**98.** प्रदत्त विकल्पों में एक विकल्प संगत ***नहीं*** है, उसे छाँटिए -

1) सिद्धों की बानियों को 'हिन्दी काव्यधारा' नाम से पं० राहुल सांकृत्यायन ने संग्रहीत किया है।
2) अपभ्रंश कवि स्वयंभू को अपभ्रंश साहित्य का वेदव्यास कहा जाता है।
3) सिद्धों ने तत्त्व ज्ञान की उपेक्षा की तथा शून्यवाद की प्रतिष्ठा की।
4) ''काया तरवर पंच विडाल, चंचल चीर पाइठो काल'' पंक्ति के रचनाकार 'लुइपा' हैं।

**99.** नाथ साहित्य के संदर्भ में कौन-सा विवरण ***असंगत*** है ?

1) इस साहित्य में सिद्धों की भोगविलास प्रवृत्ति की भर्त्सना की गई है।
2) सर्वाधिक नारी निंदा आदिकाल की इसी धारा में मिलती है।
3) आ० रामचंद्र शुक्ल गोरखनाथ के संदर्भ में कहते हैं कि - ''शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और इतना महिमान्वित व्यक्तित्व भारतवर्ष में कोई दूसरा नहीं हुआ।''
4) नाथ साहित्य को हिंदी साहित्य की पूर्व पीठिका कहा जाता है।

**100.** कौन-सा विकल्प सुमेलित ***नहीं*** है ?

1) अपने-अपने अजनबी - अज्ञेय
2) शिलापंख चमकीले - शमशेर बहादुर सिंह
3) मेरी वाणी गैरिक वसना - धर्मवीर भारती
4) हँसो-हँसो जल्दी हँसो - रघुवीर सहाय

**101.** नागरीप्रचारिणी सभा से प्रकाशित 'हिन्दी साहित्य का बृहद इतिहास' के खण्डों के संपादन की दृष्टि से ***असंगत*** विकल्प चुनिए -

1) हिंदी साहित्य की पीठिका - डॉ० राजबली पाण्डेय
2) हिंदी साहित्य का परिष्कार (द्विवेदीकाल)- डॉ० रामकुमार वर्मा
3) हिंदी भाषा का विकास - डॉ० राम अवध द्विवेदी
4) हिंदी का लोक साहित्य - म० पं० राहुल सांकृत्यायन

**102.** समास की दृष्टि से संगत कथन ***नहीं*** है, उसे छाँटिए -

1) परीक्षाभवन - संप्रदान तत्पुरुष
2) मनसिज - अलुक् तत्पुरुष
3) शाखामृग - मध्यम पद लोपी तत्पुरुष
4) इकहत्तर - अव्ययीभाव

**103.** ''भारतेन्दु का पूर्ववर्ती काव्य-साहित्य संतों की कुटिया से निकलकर राजाओं और रईसों के दरबार में पहुँच गया था, उन्होंने एक तरफ तो काव्य को फिर से भक्ति की पवित्र मंदाकिनी में स्नान कराया और दूसरी तरफ उसे दरबारीपन से निकालकर लोक-जीवन के आमने-सामने खड़ा कर दिया।''
उक्त कथन का संबंध किस आलोचक से है ?

1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
3) रामस्वरूप चतुर्वेदी
4) डॉ० रामविलास शर्मा

**104.** ''देशभक्त वीरों, मरने से नेकु नहीं डरना होगा।
प्राणों का बलिदान देश की वेदी पर करना होगा।।''
उक्त पंक्तियों के रचयिता हैं -

1) रामनरेश त्रिपाठी
2) सत्यनारायण 'कविरत्न'
3) नाथूराम शर्मा 'शंकर'
4) जगन्नाथदास 'रत्नाकर'

**105.** प्रदत्त कथनों में से ***असंगत*** विकल्प का चयन कीजिए -

1) हिन्दी साहित्य का 'दोहरे नामकरण एवं दोहरा वर्गीकरण' करने वाले साहित्यकार - आचार्य रामचंद्र शुक्ल
2) हिंदी साहित्य में आलोचना पर लिखित प्रथम पुस्तक - हिंदी नवरत्न
3) हिंदी साहित्येतिहास का प्रस्थान बिंदु - शिवसिंह सरोज
4) मध्यकाल सामान्यतः जकड़ी हुई मनोवृत्ति का परिचायक है - डॉ० बच्चन सिंह

**106.** शब्द शक्ति के संदर्भ में कौन-सा विकल्प संगत ***नहीं*** है ?

1) लक्षणा शब्द शक्ति को 'अभिधापुच्छभूता' कहा जाता है।
2) व्यंजना शब्द शक्ति को ही 'प्रतीयमानार्थ' कहा जाता है।
3) मुख्यार्थ बाध, मुख्यार्थ योग तथा रूढ़ि या प्रयोजन इन तीनों को लक्षणा का समुदित हेतु कहा जाता है।
4) जब सादृश्य संबंध के अतिरिक्त अन्य संबंध से लक्ष्यार्थ का ज्ञान हो, वहाँ गौणी लक्षणा होती है।

**107.** छंद के संदर्भ में ***असंगत*** विकल्प चुनिए -

1) मात्राएँ सदैव स्वर या स्वर युक्त वर्णों पर अंकित की जाती हैं, व्यंजन वर्णों पर नहीं।
2) किसी भी छंद का वाचन करते समय स्वर में आने वाले आरोह-अवरोह को 'तुक' कहा जाता है।
3) 'मगण' सर्वगुरु होता है, जबकि नगण सर्वलघु होता है।
4) 'वृत्तरत्नाकर' के रचयिता केदार भट्ट हैं, जबकि 'छंद मंजरी' आचार्य पद्माकर द्वारा लिखित है।

**108.** ''प्रिय पति वह मेरा, प्राण प्यारा कहाँ है ?
दुख जलनिधि डूबी, का सहारा कहाँ है ?
लख मुख जिसका मैं, आज लौं जी सकी हूँ।
वह हृदय हमारा, नैन तारा कहाँ है।।''
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस छंद की उदाहरण हैं ?

1) मालिनी
2) वंशस्थ
3) वसन्ततिलका
4) शिखरिणी

**109.** ''राजत रंग न दोष जुत, कविता बनिता मित्त।
बुंदक हाला होत ज्यों, गंगा घट अपवित्र।।''
काव्यदोषों के संदर्भ में उक्त विचार किसके हैं ?

1) केशवदास 2) चिंतामणि
3) भिखारीदास 4) प्रतापसाहि

**110.** रसनिष्पत्ति सूत्र से संबंधित व्याख्याता आचार्यों के विषय में प्रदत्त विवरण में से किस विकल्प में ***असंगति*** है ?

1) भट्टलोल्लट ने 'संयोग' का अर्थ उत्पाद्य-उत्पादक भाव संबंध माना एवं रस की अवस्थिति सहृदय के चित्त में मानी है।
2) श्री शंकुक के सिद्धान्त का नाम 'अनुमितिवाद' है, इन्होंने रस सूत्र को 'चित्र-तुरग न्याय' के माध्यम से स्पष्ट किया।
3) भट्टनायक ने संयोग का अर्थ 'भोज्य-भोजक' माना है।
4) अभिनवगुप्त के सिद्धान्त का नाम 'अभिव्यक्तिवाद' है, इन्होंने संयोग का अर्थ 'व्यंग्य-व्यंजक' माना है।

**111.** ''नील सरोरुह स्याम, तरुन अरुन वारिज नयन।
करउ सो मम उर धाम, सदा छीर सागर सयन।।''
उक्त पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है -

1) उपमेय लुप्तोपमा
2) उपमान लुप्तोपमा
3) साधारणधर्म लुप्तोपमा
4) वाचक लुप्तोपमा

**112.** रसावयव के संदर्भ में ***असंगत*** विकल्प चुनिए -

1) विभावों के अभाव में स्थायी भाव 'सुषुप्तावस्था' में रहते हैं।
2) अनुभावों के माध्यम से ही रसास्वादन की सूचना प्राप्त होती है।
3) संचारी भाव संचरणशील एवं चंचल मनोवृत्तियों के द्योतक हैं।
4) आलम्बन रसोत्पत्ति के 'प्राकृतिक कारण' हैं; जबकि उद्दीपन रसोत्पत्ति के 'सजीव कारण' हैं।

**113.** ''जब तक भाषा बोलचाल में थी, तब तक यह 'भाषा' अथवा 'देशभाषा' कहलाती रही, परन्तु जब साहित्य में प्रयुक्त होने लगी, तब उसके लिए 'अपभ्रंश' शब्द का व्यवहार होने लगा।''
आदिकालीन साहित्य की भाषा के संदर्भ में उक्त कथन किसका है ?

1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
2) डॉ० बच्चन सिंह
3) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
4) डॉ० नामवर सिंह

**114.** 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के संदर्भ में ***असत्य*** कथन है -
1) यह कविता रघुवीर सहाय के काव्य संग्रह 'लोग भूल गए हैं' में संग्रहीत है।
2) कविता में कवि ने साधारण शैली में समाज की दारुण विडम्बनाओं को उजागर किया है।
3) कविता के माध्यम से कवि ने टेलीविजन स्टूडियो के भीतर की दुनिया को उजागर किया है।
4) यह कविता शारीरिक रूप से मज़बूत व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील है।

**115.** निम्न साहित्यिक वादों का ***सही*** अनुक्रम बताइए -
1) छायावाद, प्रगतिवाद, प्रपद्यवाद, प्रयोगवाद
2) छायावाद, प्रयोगवाद, प्रपद्यवाद, प्रगतिवाद
3) छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, प्रपद्यवाद
4) छायावाद, प्रपद्यवाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद

**116.** निम्न में से कौन-सा कथन संगत ***नहीं*** है ?
1) मुल्कराज आनंद, सज्जाद जहीर इत्यादि ने भारत की ओर से सर्वप्रथम इंग्लैण्ड में जुलाई 1935 ई० में 'भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ' की स्थापना की।
2) डॉ० गणपतिचंद्र गुप्त ने कालक्रम की दृष्टि से रामेश्वर 'करुण' कृत ब्रजभाषा काव्य 'करुण सतसई' को प्रथम प्रगतिवादी रचना मानी है।
3) राजनीति के क्षेत्र में जो समाजवाद या साम्यवाद है, साहित्य के क्षेत्र में वही प्रगतिवाद है।
4) सुमित्रानंदन पंत के युगवाणी काव्य-संग्रह में नौका-विहार, चाँदनी, एकतारा एवं भावी पत्नी के प्रति कविताएँ संग्रहीत हैं।

**117.** किस विकल्प में सही विलोम युग्म ***नहीं*** है ?
1) वैमनस्य - सौमनस्य
2) परुष - कठोर
3) आज्ञा - अवज्ञा
4) निंद्य - वन्द्य

**118.** निम्न में से कौन-सा विवरण ***असंगत*** है ?
1) संपत्ति का पर्यायवाची 'रिक्थ' है।
2) युधिष्ठिर का पर्यायवाची 'हेरम्ब' है।
3) बिल्ली का पर्यायवाची 'शालावृक' है।
4) सूर्य का पर्यायवाची 'तरणी' है।

**119.** कबीर के साहित्य में वर्णित विचार एवं उनके आधार/स्रोत को सुमेलित कीजिए -

| | |
|---|---|
| (A) शून्यवाद | (i) वेदान्त दर्शन |
| (B) एकेश्वरवाद | (ii) बौद्ध सम्प्रदाय |
| (C) उलटबासियाँ | (iii) सिद्ध साहित्य |
| (D) ज्ञान एवं मोक्ष की अवधारणा | (iv) इस्लाम धर्म |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| 1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| 2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| 3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| 4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**120.** उपसर्ग के संदर्भ में ***अनुचित*** विकल्प चुनिए -
1) आस्वादन, आक्रोश - 'आ' उपसर्ग
2) कुसुम, कुतर्क - 'कु' उपसर्ग
3) अन्वीक्षण, अन्वित - 'अनु' उपसर्ग
4) पर्यटन, पर्याय - 'परि' उपसर्ग

**121.** ''सिंधु सेज पर धरा वधू अब, तनिक संकुचित बैठी-सी।
प्रलय निशा की हलचल स्मृति में, मान किए-सी ऐंठी-सी।।''
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सी शब्द शक्ति प्रधानतः प्रयुक्त हुई है ?

1) गौणी लक्षणा
2) उपादान लक्षणा
3) शाब्दी व्यंजना
4) आर्थी व्यंजना

**122.** निम्न में से किस विकल्प का विवरण *असंगत* है ?

1) स्वर एवं स्वर सहित व्यंजन 'अक्षर', जबकि स्वर एवं स्वर रहित व्यंजन 'वर्ण' कहलाते हैं।
2) कारक चिह्न रहित वर्ण समुदाय 'शब्द', जबकि कारक चिह्न युक्त वर्ण समुदाय 'पद' कहलाता है।
3) आकांक्षा, योग्यता एवं सन्निधि युक्त पदों का समूह ही 'वाक्य' कहलाता है।
4) अनुनासिक स्वर एवं व्यंजन से पृथक् ध्वनि है, जबकि अनुस्वार की गणना स्वर एवं व्यंजन से पृथक् नहीं होती है।

**123.** *असंगत* कथन चुनिए -

1) इस करुणा कलित हृदय में,
अब विकल रागिनी बजती - छेकानुप्रास
2) कूलनि में कलिन में कछारन में कुंजन में,
क्यारिन में कलित कलीन किलकंत है।
- लाटानुप्रास
3) मचलते चलते ये जीव हैं,
दिवस में वस में रहते नहीं।
- यमक अलंकार
4) चरण धरत, चिंता करत भावै नींद न सौर।
सुबरन को ढूँढत फिरत कवि, कामी अरु चौर।। - श्लेष अलंकार

**124.** ''रस कविता को अंग, भूषन हैं भूषन सकल।
गुन सरूप और रंग, दूषण करै कुरूपता।।''
किस कवि की उक्ति है ?

1) भिखारीदास
2) कुलपति मिश्र
3) केशवदास
4) महाकवि देव

**125.** *असंगत* विकल्प का चयन कीजिए -

1) सुनना एवं पढ़ना भाषा के ग्राह्यात्मक कौशल हैं।
2) द्रुत एवं गंभीर पठन मौखिक पठन के भेद हैं।
3) ध्वनि-साम्य एवं देखो और कहो विधियाँ पठन शिक्षण की विधियाँ हैं।
4) मौखिक अभिव्यक्ति लिखित अभिव्यक्ति की आधारशिला है।

**126.** ***असंगत*** विकल्प चुनिए -

1) कवि के कठिनतर कर्म की करते नहीं हम धृष्टता। - श्रुतिकटुत्व दोष
2) विषमय यह गोदावरी अमृतन को फल देत। - अप्रतीतत्व दोष
3) हे हर हार आहार सुत, मैं विनवत हूँ तोय। वैरिन के पति सुतन से, शीघ्र मिला दे मोय।। - दुष्क्रमत्व दोष
4) मूँड मुँडाये हरि मिले तो हर कोई लेहि मुँडाय। - ग्राम्यत्व दोष

**127.** कौन-सा विकल्प सुमेलित ***नहीं*** है ?

1) मंटो : मेरा दुश्मन - उपेन्द्रनाथ 'अश्क'
2) कविता के नये प्रतिमान - नामवर सिंह
3) माटी की मूरतें - रामवृक्ष बेनीपुरी
4) कब्रिस्तान में पंचायत - मनोहर श्याम जोशी

**128.** समकालीन कविता के प्रमुख काव्य आंदोलन एवं प्रवर्तक की दृष्टि से कौन-सा विकल्प सही ***नहीं*** है ?

1) बीट कविता - राजकमल चौधरी
2) युयुत्सावादी कविता - श्रीराम सिंह 'शलभ'
3) सहज कविता - डॉ० वीरेन्द्र कुमार
4) अकविता आंदोलन - जगदीश चतुर्वेदी

**129.** सूफी काव्यधारा के प्रथम कवि एवं कृति के संदर्भ में ***बेमेल*** छाँटिए -

1) कुतुबन कृत मृगावती - आचार्य रामचंद्र शुक्ल
2) ईसरदास कृत सत्यवती कथा - आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
3) मुल्ला दाऊद कृत चंदायन - बच्चन सिंह
4) असाइत कृत हंसावली - डॉ० नगेन्द्र

**130.** हिंदी साहित्य के आधुनिक काल के सन्दर्भ में किस विकल्प की संगतता ***नहीं*** है ?

1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल 1843 ई० से रीतिकाल का अंत एवं आधुनिक काल की शुरूआत मानते हैं।
2) आधुनिक कालीन साहित्य में मनुष्य का ईश्वर रूप में चित्रण हुआ है।
3) ''रस्मौ रिवाज भाखा का दुनिया से उठ गया।'' यह उक्ति सदल मिश्र ने कही।
4) इस काल में साहित्यिक भाषा के रूप में खड़ी बोली की प्रतिष्ठा हुई।

**131.** निम्न काव्यपंक्तियों के रचयिताओं की दृष्टि से ***बेमेल*** विकल्प चुनिए -

1) ''अधर मधुरता, कठिनता कुच, तीक्ष्णता त्यौर।
   रस कवित्त-परिपक्वता जाने 'रसिक न और।।' - भिखारीदास
2) ''या अनुराग की फाग लखौ, जहँ रागती राग किसोर किसोरी'' - प्रतापसाहि
3) ''ब्रह्म मैं ढूँढ्यो पुरानन गानन, वेद-रिचा सुनी चौगुने चायन।'' - रसखान
4) ''संतन को काहे सीकरी सो काम।'' - कुंभनदास

**132.** *असंगत* विकल्प चुनिए -

1) आलवार संतों में सबसे लोकप्रिय संत 'नम्म या शठकोप' हैं।
2) हिंदू-मुस्लिम सांस्कृतिक समन्वय की नींव ज्ञानमार्गी कवियों ने रखी।
3) मूर्तिपूजा एवं अवतारवाद संतकाव्य की प्रवृत्ति नहीं है।
4) निर्गुण भक्ति में केवल 'ज्ञान' को ही महत्त्व दिया गया है।

**133.** सही विवरण किस विकल्प में *नहीं* है ?

1) माखनलाल चतुर्वेदी को 'हिमकिरीटिनी' काव्य संग्रह के लिए 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला।
2) रामधारी सिंह 'दिनकर' के काव्य-संग्रह 'हुँकार' की कविताओं को डॉ० बच्चन सिंह ने 'वैतालिक का जागरण गान' कहकर पुकारा है।
3) कवि दिनकर ने अपनी रचना 'उर्वशी' को 'कामाध्यात्म' की संज्ञा दी है।
4) 'क्वासि' एवं 'हम विषपायी जनम के' रचनाएँ बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की हैं।

**134.** कौन-सी कृति नागार्जुन रचित *नहीं* है ?

1) पत्रहीन नग्न गाछ
2) प्यासी पथराई आँखें
3) पुरानी जूतियों का कोरस
4) मिट्टी की बारात

**135.** कौन-सा विकल्प सुमेलित *नहीं* है ?

1) "धन्य भूमि भारत सब रतननि की उपजावनि" - प्रेमघन
2) "हमारो उत्तम भारतदेश" - बालकृष्ण भट्ट
3) "जहाँ करुणानिधि केशव सोए,"
जानत नाहिं अनेक जतन करि भारतवासी रोए।" - भारतेन्दु
4) "सब धन लिये जात अँगरेज़।
हम केवल लेक्चर के तेज़।।"
- प्रतापनारायण मिश्र

**136.** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का उद्देश्य *नहीं* है -

1) मूल्यांकन को अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया का अविभाज्य हिस्सा मानना।
2) अध्यापन और अधिगम प्रक्रिया को शिक्षक केन्द्रित कार्यकलाप बनाना।
3) बोधात्मक एवं भावनात्मक कौशलों का विकास करना।
4) सीखने की प्रक्रिया पर बल देना।

**137.** भाषा संसर्ग प्रणाली का गुण *नहीं* है -

1) यह शिक्षण को रोचक एवं क्रियाशील बनाती है।
2) इसमें व्याकरण की पाठ्यपुस्तक की आवश्यकता नहीं होती है।
3) इस विधि में समय सर्वाधिक लगता है।
4) यह विधि विद्यार्थी केन्द्रित विधि है।

**138.** पाठ्यक्रम निर्माण में ब्लूम के निर्धारण का महत्त्व इसलिए है क्योंकि -

1) यह निर्धारण 'सरल से जटिल' सिद्धान्त पर आधारित है।
2) इसकी सहायता से मूल्यांकन विधियों की वैधता का परीक्षण सरलतापूर्वक किया जा सकता है।
3) इस निर्धारण से उचित परीक्षा स्थितियों के चयन में भी सुविधा होती है।
4) यह निर्धारण तर्क की अपेक्षा भावाधारित है।

**139.** निम्न में से मूल्यांकन का उद्देश्य है -

1) विद्यार्थी की क्रमोन्नति का निर्धारण करना।
2) विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना।
3) विद्यार्थियों के व्यवहार परिवर्तन का पता लगाना।
4) उपरोक्त सभी

**140.** ''शक्ति निपुणता लोकमत, वितपति अरु अभ्यास।
अरु प्रतिभा ते होत है, ताको ललित प्रकास।।''
उक्त काव्य-हेतु किसके द्वारा प्रदत्त है ?

1) केशवदास 2) सुखदेव मिश्र
3) श्रीपति 4) भिखारीदास

**141.** ''झलकी भरि भाल कनी जल की, पुटि सुखि गयै मधुराधर वै।
पलकु कँपति, पुलकति पलकु, पलकु पसीजति जाति।।'
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अनुभाव प्रयुक्त हुआ है ?

1) वैवर्ण्य
2) आहार्य
3) सात्त्विक
4) वाचिक

**142.** किस विकल्प में कोई भी अशुद्ध शब्द प्रयुक्त ***नहीं*** हुआ है ?

1) आततायी, दरियाई, कृतकृत्य
2) सात्यकि, जानकी, छिपकिली
3) पाणिनी, बिमारी, तिलांजली
4) शिरीष, जयन्ति, कौषीतकी

**143.** निम्न काव्य रचनाओं के रचयिताओं की दृष्टि से ***असंगत*** कथन चुनिए -

1) कुआनो नदी - सर्वेश्वरदयाल सक्सेना
2) अकाल में सारस - कुँवर नारायण
3) एक कंठ विषपायी - दुष्यन्त कुमार
4) मछलीघर - विजयदेव नारायण साही

**144.** ***असंगत*** कथन चुनिए -

1) 17 सर्गों में विभाजित 'प्रिय-प्रवास' खड़ी बोली हिंदी का पहला महाकाव्य माना जाता है।
2) प्रेमाम्बु-वारिधि एवं रसकलश हरिऔध जी की काव्य रचनाएँ हैं।
3) आधुनिक खड़ी बोली के प्रथम स्वच्छंदतावादी कवि श्रीधर पाठक हैं।
4) आधुनिक हिंदी साहित्य में 'बाल साहित्य के जनक' रूपनारायण पाण्डेय हैं।

**145.** किस विकल्प का विवरण व्याकरणात्मक दृष्टि से ***अनुचित*** है ?

1) कृतिका + एय = कार्तिकेय
2) दम्पति + य = दाम्पत्य
3) विभु + अ = वैभव
4) बदरी + आयन = बादरायण

**146.** कवि आलोक धन्वा ने अपनी 'पतंग' कविता में वर्णन किया है -

1) कारोबारी व्यक्तियों की कल्पना शक्ति का।
2) प्राचीन भारतीय संस्कृति का।
3) पतंग के बहाने बाल सुलभ इच्छाओं एवं उमंगों का।
4) महानगरीय जन-जीवन का।

**147.** किस पत्रिका का संबंध भारतेन्दु हरिश्चंद्र से ***नहीं*** है ?

1) बालाबोधिनी
2) कविवचन सुधा
3) हरिश्चंद्र चंद्रिका
4) आनंद कादंबिनी

**148.** 'चन्द्रमा-शिव' का सांकेतिक शब्द-युग्म है -

1) शशांक - शशिकला
2) शशक - शशधर
3) शशधर - शशिधर
4) शशी - शशिपूजक

**149.** रचनाकाल की दृष्टि से निम्न कृतियों का ***सही*** अनुक्रम है -

1) पल्लव, कामायनी, कुकुरमुत्ता, दीपशिखा
2) पल्लव, कामायनी, दीपशिखा, कुकुरमुत्ता
3) कामायनी, पल्लव, दीपशिखा, कुकुरमुत्ता
4) कुकुरमुत्ता, दीपशिखा, पल्लव, कामायनी

**150.** निम्न में से मैथिलीशरण की कौन-सी कृति महाभारतीय पात्रों, प्रसंगों एवं उपाख्यानों पर आधारित कृति ***नहीं*** है ?

1) गुरुकुल
2) वन-वैभव
3) नहुष
4) तिलोत्तमा

रफ कार्य के लिए **[FOR ROUGH WORK]**

| | |
|---|---|
| **6.** प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पत्रक में निर्धारित खानों को काले बॉल प्वाइंट पैन से पूर्णतया भरना है, जैसा कि नीचे दिखाया गया है :<br>① ● ③ ④<br>आप द्वारा दिया गया उत्तर गलत माना जाएगा, यदि उत्तर वाले खाने को निम्न प्रकार से भरते हैं :<br>✓ ⊗ ◐ ◐<br>यदि एक से ज्यादा खानों को भर देते हैं तो आपका उत्तर गलत माना जाएगा। | **6.** Answers to questions in answer sheet are to be given by darkening complete circle using Black ball point pen as shown below :<br>① ● ③ ④<br>The answer will be treated wrong, if it is marked, as given below :<br>✓ ⊗ ◐ ◐<br>If you fill more than one circle it will be treated as a wrong answer. |

**7.** रफ कार्य प्रश्न-पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें। / Rough work should be done only in the space provided in the Question Booklet for the same.

**8.** सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्रक पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक (सफेद फ्ल्यूड) का प्रयोग निषिद्ध है। / The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. Whitener (white fluid) is not allowed for changing answers.

**9.** प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से उचित विकल्प के लिए OMR उत्तर पत्रक पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह काले बॉल प्वाइंट पैन से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है। / Out of the four alternatives for each question, only one circle for the most appropriate answer is to be darkened completely with Black Ball Point Pen on the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not allowed to be changed.

**10.** अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्रक को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें। / The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray mark on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.

**11.** प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में [प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के क्रमांक में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर] **दूसरी प्रश्न पुस्तिका सैट उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी।** / Handle the Question Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances [except for discrepancy in Question Booklet and Answer Sheet Serial No., **another set of Question Booklet will not be provided.**]

**12.** प्रश्न-पुस्तिका/उत्तर पत्रक में दिए गए क्रमांक को अभ्यर्थी सही तरीके से हस्ताक्षर चार्ट में लिखें। / The candidates should write the correct Number as given in the Question Booklet/Answer Sheet in the Signature Chart.

**13.** अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश पत्र और पहचान पत्र के अतिरिक्त किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है। / Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card and Identity Card inside the examination hall/room.

**14.** पर्यवेक्षक द्वारा पूछे जाने पर प्रत्येक अभ्यर्थी अपना प्रवेश कार्ड [रोल नं०] और पहचान पत्र दिखाएँ। / Each candidate must show on demand his/her Admit Card [Roll No.] and identity card to the Invigilator.

**15.** केन्द्र अधीक्षक या पर्यवेक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई अभ्यर्थी अपना स्थान न छोड़ें। / No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.

**16.** कार्यरत पर्यवेक्षक को अपना उत्तर पत्रक दिए बिना एवं हस्ताक्षर चार्ट पर दोबारा हस्ताक्षर किए बिना अभ्यर्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी अभ्यर्थी ने दूसरी बार हस्ताक्षर चार्ट पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्रक नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **OMR उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान पर सभी अभ्यर्थियों द्वारा बायें हाथ के अंगूठे का निशान लगाया जाना है। अंगूठे का निशान लगाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि स्याही सही मात्रा में ही लगाई जाए अर्थात् स्याही की मात्रा न तो बहुत अधिक हो व न ही बहुत कम।** / The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and signing the Signature Chart twice. Cases where a candidate has not signed the Signature Chart second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **All candidates have to affix left hand thumb impression on the OMR answer sheet at the place specified which should be properly inked i.e. they should not be either over inked or dried in nature.**

**17.** इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है। / Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.

**18.** परीक्षा हॉल में आचरण के लिए, अभ्यर्थी विवरणिका में दी गई प्रक्रिया/दिशा-निर्देश व बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों का विशेष ध्यान रखें। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा। / The candidates are governed by Guidelines/Procedure given in the Information Bulletin, all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.

**19.** किसी हालत में प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक का कोई भाग अलग न करें। (No part of the Question Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.

**20.** परीक्षा सम्पन्न होने पर, अभ्यर्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्रक कक्ष-पर्यवेक्षक को अवश्य सौंप दें। अभ्यर्थी अपने साथ इस प्रश्न-पुस्तिका को ले जा सकते हैं। / On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall. The candidates are allowed to take away this Question Booklet with them.